तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 7 अप्रैल 2025

13 भाजपाइयों ने भाजपा का स्थापना दिवस मनाया...



13 राम जानकी हनुमान मंदिर से रामनवमी पर प्रभु ...





## खबर संक्षेप



### हवन, कन्या पूजन के बाद श्रीराम जन्मोत्सव मनाया

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम राऊरवाही स्थित माँ दंतेश्वरी मंगलेश्वर महादेव मंदिर में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर हवन में भाग लिया। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी व लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिर में कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया। रामनवमी के शुभ अवसर पर जगत जननी जगदंबा के स्वरूप मानी जाने वाली कन्याओं का विशेष पूजन किया गया। कन्याओं को प्रसाद वितरित किया गया और उनका आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया।

### युवक की मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत बुदनदंड निवासी 32 वर्षीय मेनुराम कोमरा का 13 मार्च को मौत हो गया। थाना पखांजुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी परतापुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### खनिज व पर्यावरण संरक्षण पर बजरंग माइंस को 3 पुरस्कार



**दुर्गुकोंदल।** रायपुर में आयोजित आठवें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह के समापन समारोह में गोयल ग्रुप की श्री बजरंग आयरन ओर माइंस को तीन पुरस्कार मिले। ज्ञात हो कि दिसंबर माह में खान पर्यवरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह कार्यक्रम के तहत खदानों का निरीक्षण किया गया था और उस समय खदान का निरीक्षण करने आए सदस्यों ने बजरंग माइंस प्रबन्धन की जमकर तारीफ की थी। उस कार्यक्रम में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे शासकीय विद्यालय दुर्गुकोंदल के छात्र चंचल दुग्गा द्वारा बनाई गई पेंटिंग को भी राज्य स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। बजरंग माइंस को मिनरल कन्जर्वेशन के लिए प्रथम, मिनरल बेनिफिकेशन के लिए द्वितीय तथा वेस्ट डम्प मैनेजमेंट के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित शेष पेज 12 पर

पर्व : नवरात्रि की पूर्णाहुति पर शहर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन, लोगों ने प्रसादी किया ग्रहण

# जोत-जंवारा विसर्जन में छलका उल्लास, कराया कन्या भोज और निकाली श्री राम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर





- देर शाम श्रीराम भगवान की निकली शोभायात्रा, उमड़ा जनसैलाब

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धि दात्री का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना किया गया। आरती के पश्चात जोत जंवारा विसर्जन यात्रा निकाली गई। नवरात्रि के नौवें दिन जिले के नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के देवी मंदिरों से जोत-जवारा का विसर्जन किया गया। देर शाम श्रीरामजी सेना के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई।

चैत्र नवरात्र पर 5 अप्रैल को अष्टमी में हवन किया गया और नवमीं 6 अप्रैल को सबसे पहले कन्या भोज कराया गया। इसके बाद मंदिरों में प्रज्जवलित किए गए जोत व जंवारा विसर्जन मंदिरों के पास स्थित तालाब में किया गया। जोत व जंवारा के विसर्जन के दौरान भक्तो में उत्साह देखने को मिला। भक्त झूमते हुए नजर आएं। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में पहले दिन से लेकर नौंवे दिन तक भक्तों की भीड़ देखने को मिली। नौ दिनों तक श्रद्वालु माता के मंदिरों में माथा टेकते हुए नजर आएं। पंचमी व अष्टमी के दिन मंदिरों में श्रद्वालुओं की लाईन दर्शन करने के लिए लगी रही। नवरात्रि के अंतिम दिन 6 अप्रैल रविवार को शहर के विभिन्न मंदिरों के अलावा शीतलापारा में स्थित शीतला मंदिर में कन्याओं की पूजाकर भोज कराया गया और उसके उपरांत जोत का विर्सजन किया गया। शांति नगर बड़े कंकालिन मंदिर में रात देवी जात्रा हुआ। और सुबह 9 ज्योति विसर्जन यात्रा बाजा गाजा राथ निकली। कंकालिन तालाब में ज्योति कलश विसर्जन किया गया। इसके बाद भंडारा हुआ। दूसरे गांव से पहुंचे देव-विग्रहों को विदा दिया गया। कलेक्टोरेट मार्ग शीतला मंदिर से ज्योति कलश विसर्जन यात्रा बाजा गाजा के साथ सुबह निकली। ज्योति कलश विसर्जन के बाद मंदिर स्थल के पास देव-विग्रह के जात्रा का आयोजन हुआ। अन्नपूर्णापारा मोखला मांझी मंदिर से ज्योति कलश विसर्जन यात्रा निकली। राजापारा सिंहवाहिनी मंदिर से ज्योति कलश विसर्जन यात्रा दोपहर को निकली। दोपहर में मंदिर परिसर में कन्या भोज शेष पेज 12 पर

### श्रीराम नवमी पर रात एक बजे तक निकली शोभायात्रा

श्रीराम नवमी पर शीतला मंदिर से देर शाम निकली शोभायात्रा का राजापारा में समापन देर रात को हुआ। झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा को देखने के लिए सड़को पर हुजूम एकत्र हो गया था और बहुत ही सुंदर नजारा लोगों को देखने के मिला। शंभायात्रा के दौरान पूरा शहर भक्तिमय हो गया। झाँकी व शोभायात्रा को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ गया था और शहर में भीड़ अधिक हो जाने पर पैर रखने को जगह नहीं मिल पा रही थी।

### एक से नौ साल तक की कन्याओं का किया पूजन

सनातन संस्कृति में कन्याओं को देवी स्वरूपा माना गया है। इसी मान्यता के चलते, एक साल से लेकर नौ साल तक की बालिका को देवी मानकर पूजने की परंपरा घर-घर में निभाई गई। कई परिवार के लोग कन्याओं को ढूंढते रहे। एक ही मोहल्ले में अनेक आयोजन होने और कन्याओं की कमी होने से नौ कन्याओं के ग्रुप को कई परिवारों ने पूजा।

### चारामा में ज्योति कलश एवं जंवारा का किया विसर्जन

चारामा क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि का पर्व इस वर्ष अंचल में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। नवरात्रि का पर्व हिंदूओं का सबसे बड़ा पर्व माना गया है। चैत्र माह की अष्टमी को हवन पूजन करने के उपरांत चारामा के शीतला माता के मंदिर में प्रथम दिवस से जलाए गए मनोकामना ज्योति कलश एवं जंवारा को भक्तों ने नगर के देव स्थल कहे जाने वाले सरार तालाब में विधिवत विसर्जित कर दिया है। नवरात्र के अंतिम दिवस पर माता रानी की विदाई के अवसर पर नगर सहित अंचल में माता के सभी मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भींड़ उमड़ पड़ी।

## नक्सलियों का आदमी बताकर युवक की पिटाई, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



दुर्गूकोंदल थानांतर्गत कोदापाखा के दुकान के पास खड़े युवक के साथ अन्य दो लोगो ने मिलकर मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे मांझीपारा खूटगांव निवासी 30 वर्षीय कमल किशोर मरकाम पिता बालचंद मरकाम ने पुलिस को बताया कि 1 अप्रैल को कोदापाखा मेला देखने गया था। कोदापाखा में मंगतु राम के दुकान के पास खड़ा था। उसी समय शाम करीबन 6 बजे जान पहचान के शलेन्द्र दुग्गा व विषकांत दुग्गा मिलने पर मैने कहा कि भांटो कैसे हो, इस पर शैलेंद्र और विषकांत दुग्गा ने मुझे गाली दिया और हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए आरोपियों ने कहा कि तुम लोग नक्सली के आदमी है। तुम्हे जान से मार देंगे कहते हुए धमकी देने लगे। मारपीट के दौरान मेरे मोबाईल फोन को तोड़ दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 324, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### नवागढ़ का दो दिनी मेला 9 एवं 10 को

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत जेठगांव के आश्रित ग्राम नवागढ़ में परगना दो दिवसीय देव मेला 9 एवं 10 अप्रैल को आयोजित किया गया है। ग्राम पंचायत जेठगांव के सरपंच मानिक लाल दुग्गा, ग्राम पटेल मनेश उयके, ग्राम गायता संतुराम उयके एवं वेदप्रकाश नेताम ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम नवागढ़ में दो दिवसीय परगना देव मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें क्षेत्र के देवी देवता, पटेल, पुजारी, ग्रामीण व्यापारी एवं आसपास के ग्रामीण शामिल होंगे।



## पंडुम स्पर्धा में वाद्य यंत्रों के लिए कांकेर पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

दंतेवाड़ा में आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर पंडूम के दौरान जनजाति संस्कृति के वेशभूषा, खान-पान, गीत-संगीत, नाट्य, नृत्य, शिल्प कला पर आधारित प्रतियोगिता में जनजातीय वाद्य यंत्र में कांकेर जिला प्रथम स्थान पर रहा। विजयी टीम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विजेता प्रतिभागियों को 50 हजार रुपए की राशि का चेक, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। कांकेर जिले के कोयलीबेडा ब्लॉक को जनजातीय वाद्य यंत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए कोयलीबेड़ा ब्लॉक के मोहनलाल उसेंडी और पंकज उसेंडी को केंद्रीय गृह मंत्री और मुख्यमंत्री ने मंच पर पुरस्कृत किया। इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर और कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने जिले की सभी विजेता टीमों को उनकी उपलब्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इसी तरह जनजाति नृत्य शैली में कांकेर और सुकमा जिले को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## नर्सिंग कालेज की छात्राओं को मिलेगी बस सुविधा : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- शिक्षण संस्थानों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

इमलीपारा स्थित नर्सिंग कॉलेज का कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में निर्माणाधीन बाउंड्रीवॉल का जायजा लिया और प्रथम वर्ष की छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। छात्राओं ने मुख्य रूप से कॉलेज आने जाने के लिए बस सुविधा की मांग किया, जिस पर कलेक्टर ने उन्हें जानकारी दी कि बस की स्वीकृति मिल चुकी है। कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त को परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

कलेक्टर ने संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय इमलीपारा का भी भ्रमण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें पढ़ाई के महत्व के बारे में बताया और प्रेरित किया कि वे परिश्रम कर देश-विदेश में नाम रोशन करें। इस दौरान कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी तारा जाड़े ने गोंडी भाषा में स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जिस पर उपस्थित अधिकारियों ने उसकी सराहना की। इसके बाद कलेक्टर ने नाथिया नावागांव स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने लखनपुरी में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण शेष पेज 12 पर

## भाजपा कार्यालय कमल सदन में भाजपा का 46वाँ स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



- कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या , मेहनत के बूते भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी

भारतीय जनता पार्टी के 46 वाँ स्थापना दिवस भाजपा कार्यलय कमल सदन में 6 अप्रैल को धूमधाम से मनाया गया और भाजपाईयों ने 46 वर्षो में संघर्ष किया और उसका परिणाम रहा कि देश में भाजपा की सरकार 2014 से है।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि स्थापना दिवस 6 अप्रैल 1980 से आज 2025 में एक वट वृक्ष बन चुका है, जिसके 12 करोड़ से ज्यादा सदस्य है। इस पार्टी को भाजपा के संस्थापकों ने अपने खून से सींचा और कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या , मेहनत के बूते आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। आजादी के बाद पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के मंत्रिमंडल में शामिल उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जवाहर लाल नेहरू की कश्मीर और तुष्टिकरण की नीतियों का विरोध करते मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की जो आगे चलकर 1980 में भारतीय जनता पार्टी के रूप में देश मे एक नई पार्टी बनी। 1980 से लेकर आज पार्टी उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है। 1996, 1998 और 1999 में भाजपा केंद्र की सत्ता में आई। 2014 से शेष पेज 12 पर

### भाजपा का थामा दामन

कांकेर ग्रामीण मण्डल के गोविंदपुर बूथ में आईटीसेल जिला संयोजक डॉ देवेंद्र साहू के नेतृत्व में गोविंदपुर सरपंच दीपक मंडावी, मंजू बारले, महेश्वरी यादव, नवीश पटेल, लक्ष्मीनारायण कोराम, ललिता मंडावी ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, राजीव लोचन सिंह, देवेंद्र भाऊ, निपेंद्र पटेल, छत्रप्रताप दुग्गा, संजय सिन्हा, ईश्वर कावड़े, रवि तिवारी, दीपक खटवानी, चित्ररेखा जैन, हितेंद्र खटवानी, मंजू सारथी, शकुंतला जैन, उगेश्वरी उइके, छाया कौशिक, विकास अंभोरे, चुनेश्वर जैन, अनुसुइया सोनवानी, योगेश साहू , तारिणी ठाकुर, संतु मंडावी, बाबा ठाकुर, धीरज ठाकुर, मोनिका राव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत सेलेगांव निवासी 65 वर्षीय धनराज देशलहरे का सड़क दुर्घटना में 5 अप्रैल को मौत हो गया। सेलेगांव निवासी चोखेलाल देशलहरे ने पुलिस को बताया कि मृतक को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोगों से आयोजन के लाभ उठाने की अपील की है

# जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कल से तीन चरणों में मनाया जाएगा सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत से अवगत होने के उद्देश्य से राज्य में सुशासन तिहार -2025 का आयोजन का आगामी 08 अप्रैल से 31 मई के बीच तीन चरणों में किया जाएगा। इसके तहत प्रशासन और जनता के बीच प्रत्यक्ष संवाद होगा। इस तिहार के माध्यम से हम जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से करने और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी ली जाएगी। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सुशासन तिहार 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। सुशासन तिहार 2025 का पहला चरण आगामी 08 से 11 अप्रैल तक होगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। यह आवेदन ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त होंगे। ऑनलाइन आवेदन की भी व्यवस्था की जाएगी और आवेदनकर्ताओं को पावती दी जाएगी। आवेदन प्राप्त होने के बाद, संबंधित अधिकारियों द्वारा इन्हें एक माह के भीतर निराकृत किया जाएगा। अधिकारियों को समय सीमा के भीतर प्राप्त आवेदनों का समाधान सुनिश्चित करना होगा। आवेदन के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा राज्य और जिला स्तर पर की जाएगी। दूसरे चरण में समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई से 31 मई 2025 तक किया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी और शेष पेज 12 पर

**प्रशासनिक तैयारियां करने कलेक्टर ने दिए निर्देश, पहला चरण 8 से**




### विकास कार्यों का होगा निरीक्षण

मुख्यमंत्री और राज्य के उच्च अधिकारी प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो रहा है और लोगों को उनका लाभ मिल रहा है। तिहार को अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया, समाधान की निगरानी और जनता के साथ संवाद के लिए विशेष पोर्टल और मोबाइल ऐप का भी उपयोग किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री की आम लोगों से अपील

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लें, ताकि सुशासन तिहार 2025 सफल हो सके और प्रदेश में सुशासन की स्थापना की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण साबित हो सके।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



## खबर संक्षेप



### संडे आन सायकिल कार्यक्रम में जवानों ने किया जागरूक

**कांकेर।** फिट इंडिया सायकिलिंग अभियान के तहत सरकार द्वारा इस आयोजन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देश के समस्त राज्यों ओर केन्द्र शासित प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा संडे आन सायकिल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्वास्थ के प्रति जागरूकता लाना और दैनिक शारीरिक गतिविधियों के बारे में आमजन को जागरूक करना है। आयोजित कार्यक्रम के तहत सी.टी.जे.डब्ल्यू. कालेज कांकेर के सभी अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा 6 अप्रैल रविवार को संडे आन सायकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जवानों द्वारा सायकल रैली निकालकर फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज का नारा लगाते हुए शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता एवं स्वास्थ और तंदुरूस्ती को बढावा देने के उद्देश्य से इस अभियान चलाया गया। टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए आव्हान किया है कि संडे के दिन कम से कम आधा घंटा सायकल जरूर चलाएं।

## महापौर की उपस्थिति में बोर खनन कार्य का शुभारंभ

# पानी उपलब्ध होने पर सैकड़ों परिवारों को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विधायक किरण सिंह देव की अनुशंसा से हुआ बोर खनन
- गुरु गोविंद सिंह वार्ड में 4 बोर खनन हुई स्वीकृत



विधायक किरण सिंह देव के अनुशंसा एवं दिशा निर्देश पर महापौर संजय पांडे के प्रयास से एवं जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता एवं गुरु गोविन्द सिंह वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा की उपस्थिति में पानी की समस्या से निपटने वार्ड क्रमांक 36 मे स्थित प्रधानमंत्री अटल आवास मे बोर खनन का कार्य शनिवार को पूजा पाठ करके प्रारम्भ किया गया। निगम क्षेत्र में गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से निजात पाने के लिए नगर निगम ने लगभग दो दर्जन से अधिक वार्डों के लिए 27 बोरिंग स्वीकृत कराया गया है जिसमें गुरु गोविंद सिंह वार्ड के लिए 4 बोरिंग स्वीकृत हुए हैं। जिसमें पटेल पारा, प्रधानमंत्री अटल आवास, अघनपुर एवं धरमपुरा है। महापौर ने कहा इन जगहों पर बोरिंग होने से एवं पानी उपलब्ध होने पर सैकड़ो परिवारों को इसका सीधा फायदा मिलेगा।

गर्मी में इस बार हालात न बिगड़े इसलिए इसके लिए निगम ने पूरी तैयारी कर ली है। महापौर ने विधायक किरण देव का धन्यवाद ज्ञापित किया है। सांसद महेश कश्यप के प्रति भी कृतज्ञता जाहिर की है। जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता ने कहा नगर निगम को 27 बोरिंग की स्वीकृति प्रदान करने हेतु सभी का धन्यवाद प्रेषित करना चाहता हूं। विधायक देव के दूर दृष्टि एवं जनता के प्रति भावनात्मक लगाव से यह कार्य संपन्न हो रहा है। वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा ने कहा जगदलपुर के ऊर्जावान विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुशंसा पर गुरु गोविंद सिंह वार्ड में बोरिंग स्वीकृत हुई है वार्ड वासियों की तरफ से मैं उन्हें धन्यवाद प्रेषित करता हूं। महापौर संजय पांडे, अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन एवं जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता के अथक प्रयास से यह काम संभव हो सका है। मैं उन्हें भी धन्यवाद प्रेषित करता हूं। विधायक एवं सांसद जनता के प्रति एवं क्षेत्रीय विकास के लिए संवेदनशील है। इस अवसर पर सभापति लक्ष्मण झा, श्याम सुन्दर बघेल, आशा साहू, उर्मिला यादव, पंकज आचार्य, सुरेश कश्यप, सूर्यभूषण सिंह, दिलीप ठाकुर, संतोष त्रिपाठी, नीलिमा यादव, किशन शेट्टी, किशन राव, गोरेश्वरी, ललित मोहन सिंह, सन्मति यादव, के ज्योति, लता देवांगन, अमित, बिरसाय सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# रामभक्तों को लगाया चंदन तिलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर संभाग मुख्यालय रविवार को सम्पूर्ण राममय हो गया,जब शहर के सभी सडको में युवक,युवतियां,मातृ शक्तियां,पुरुष कर्मकर्ता छोटे-छोटे बच्चे एवं वरिष्ठजन सभी रामभक्ति में डूबे रहे। शहर पूरा भगवामय में परिवर्तित रहा। हर श्रद्धालू भगवान राम की सेवा में जुटा रहा।

इस दौरान गोल बाजार युवा समिति एव आदित्य वाहिनी और आनंद वाहिनी ने हर साल की तरह इस साल भी रामनवमी पर तिलक सेवा आयोजित की। काशी विश्वनाथ के विशेष चंदन से लोगों को त्रिपुंड तिलक लगाया गया। गोल बाजार चौक से रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल होने जा रहे लोगों के माथे पर तिलक लगाया गया। लोगों के माथे पर तिलक की दिव्यता देखते ही बन रही थी। तिलक सेवा में जुटे आदित्य वाहिनी के अनिल सामंत और प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि आयोजन का यह चतुर्थ वर्ष है। हर साल लोगों में सनातन चेतना के उद्देश्य से यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा में जब लोग त्रिपुंड तिलक लगाकर शामिल होते हैं तो सनातन जागृति का एहसास होता है। इस मौके पर जय-जय श्री राम के जयकारे लगते रहे। इस दौरान राकेश रथ, अनूप मेहरा, शिव महंती, राकेश साहू, प्रवीण द्विवेदी, राकेश विश्वकर्मा, संजय सामंत, भुजबल भतरा, आकाश मिश्रा समेत अन्य सम्मिलित थे।

# खदान मजदूर संघ ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** श्रमिक हित, उद्योग हित के साथ राष्ट्र हित सर्वोपरि के सूत्र वाक्य के सिद्धांतों पर चलते हुए कार्य करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध किरंदुल शाखा की खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री मंत्री केदार कश्यप को एनएमडीसी कर्मचारियों के लंबित पुनरीक्षित वेतनमान के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया। एनएमडीसी लिमिटेड के श्रमिकों का पुनरीक्षित वेतनमान 1 जनवरी 2022 से लंबित है। एनएमडीसी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा पुनरीक्षित वेतन समझौते का अनुमोदन उपरांत आवश्यक आगामी कार्रवाई हेतु केन्द्रीय इस्पात मंत्रालय प्रेषित किया गया था, किंतु वहाँ से आगामी कार्रवाई लंबित थी। आवश्यक आगामी कार्रवाई हेतु सांसद महेश कश्यप के संज्ञान में लाने पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए केन्द्रीय इस्पात मंत्री से श्रम संघ के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक इस्पात भवन, नई दिल्ली में आहूत की गई। माननीय सांसद महोदय जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में दिनांक 16 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में आहूत इस बैठक में माननीय केन्द्रीय इस्पात मंत्री जी ने आवश्यक आगामी कार्रवाई कर शीघ्र ही वेतन पुनरीक्षण करवाने का आश्वासन दिया तथा आगामी कार्रवाई प्रक्रियारत थी। इसी मध्य वित्तीय वर्ष के समापन माह मार्च 2025 में कतिपय श्रम संघों द्वारा बेमुद्दत आंदोलन किया गया।

### जोत-जंवारा विसर्जन...

का आयोजन किया गया। भैरव कंकालिन मंदिर में ज्योति कलश विसर्जन किया गया। शीतलापारा में तालाब से लगे भवानी माता मंदिर का ज्योति कलश विसर्जन सुबह किया गया। कन्या भोज तथा भंडारा का भी आयोजन किया गया। सिविल लाईन शीतला मंदिर से ज्योति कलश विसर्जन सुबह माहुरबंद तालाब में किया गया।

### खनिज व पर्यावरण...

किया गया। गोयल ग्रुप की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त करने के लिए गोयल ग्रुप के माइनिंग हेड सुरेश अग्रवाल, एजेंट डीके मोहन्ता, खान प्रबन्धक डीएन मोहन्ता, जियोलॉजिस्ट राजकुमार गुप्ता, सत्यरंजन मोहन्ता तथा शशांक भुवाल उपस्थित रहे।

### नर्सिंग कालेज की छात्राओं...

किया। कलेक्टर ने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला

## पेज 11 के शेष...

पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरुण वर्मा, मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. यास्मीन खान, सीएमएचओ डॉ. महेश सांडिया, आदिवासी सहायक आयुक्त जया मनु, डीपीएम रोहित वर्मा और डॉ. सुनील सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यालय कमल...

लगातार तीसरी बार केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है। हमारी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर जनता का विकास कर रही है। विधायक आशाराम नेताम ने कार्यकर्ताओं को भाजपा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है कि पंच से लेकर पार्लियामेंट तक हर जगह भाजपा के जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुए है। भाजपा की जब स्थापना हुई तब पहले चुनाव में मात्र हमारे 2 सांसद ही चुनकर आए थे, परंतु आज हमारे देशभर में 240 लोकसभा सांसद और 98 राज्यसभा सांसद सहित देश के अधिकांश राज्यो में भाजपा और सहयोगी दलों की सरकार है। छग में पिछले एक वर्ष के दौरान प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। कार्यक्रम का संचालन गिरधर यादव ने व आभार प्रदर्शन अरुण कौशिक ने किया।

### योजनाओं के प्रभावी...

यथासंभव समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। इस तिहार में स्थानीय सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जनप्रतिनिधि तिहार के प्रत्येक चरण में शामिल होंगे और जनता से सीधे संवाद करेंगे। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर, सभी एसडीएम सहित सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सुशासन तिहार 2025 के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जाएं ताकि सरकार की मंशानुरूप यह महत्वपूर्ण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में हो सकें।






**खबर संक्षेप**



## चोरी का लोहा टावर बरामद आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर**। आंवरी में चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने दबोचा और उसके द्वारा बताए गए स्थल से चोरी की सामग्री को भी जप्त किया गया। आंवरी निवासी जगमोहन ग्रेवाल पिता साधुराम ग्रेवाल ने पुलिस को 5 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज करया था कि मेरे घर के बाहर बना छत की सीढ़ी से शिवकुमार भारती लोहे का बना टावर को कंधा में उठाकर चोरी करके ले गया था। पुलिस ने चोरी का अपराध दर्ज करते हुए आरोपी शिवकुमार भारती का को धारा 303(2) बीएनएस के मामले में गिरफ्तार किया। आरोपी ने चोरी किए लोहे का टावर को आवंरी पुलिया के नीचे छुपाकर रखना बताया, जिसे जप्त किया गया।

## सरपंच संघ में कल होगा मनोनयन

**भानुप्रतापपुर**। विकासखंड भानुप्रतापपुर के सरपंच संघ का 8 अप्रैल को समस्त जनपद के सरपंच की उपस्थिति में चयन या मनोनयन किया जाएगा। इस प्रकिया के लिए विकासखंड के सभी सरपंच से गोड़वाना भवन भानुप्रतापपुर में उपस्थित रहने आव्हान किया गया है।

**सियासत : कार्यकर्ताओं को भाजपा का भगवा गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया**

# भाजपाइयों ने भाजपा का स्थापना दिवस मनाया, पखवाड़ेभर होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोरर

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रथम दिवस 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के बूथ कोरर में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।

भाजपा के जिला महामंत्री बृजेश सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा अपना 46 वां स्थापना दिवस मना रही है। करोड़ो कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और बलिदान से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला में 6 से 14 अप्रैल तक बूथ से लेकर विधानसभा स्तर पर सम्मेलन और सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में



आयोजित एक अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित की किय और साथ ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी का भगवा गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय व प्राथमिक सदस्यों के साथ सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के मंडल संयोजक नरेंद्र शर्मा, सह संयोजक द्वय योगेश कोमरा, कुलेश्वर नेताम, कोरर शक्ति केंद्र के प्रभारी ईश्वर यदु, सह प्रभारी कुबेर कोसमा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

### दुर्गूकोंदल में भाजपाइयों ने मनाया स्थापना दिवस

विकासखंड दुर्गुकोंदल में भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल ने भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदे सिंह कल्लो के आव्हान पर एवं मंडल संयोजक अशोक जैन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ट कार्यकर्ताओं एवं समस्त मोर्चाओं की उपस्थिति में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की छायाचित्र में दीप-प्रज्ववलित एवं पुजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। जनपद सदस्य विकास राजु नायक ने कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर मैं सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देता हूं। जनसंघ के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी बाजपेई का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हम प्रत्येक लोगों के लिए काम करना जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत के साथ छत्तीसगढ़ में विष्णु के सुशासन से विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प हमारा भी संकल्प है। कार्यक्रम में रामचंद्र कल्लो, शिरो कोमरे, शकुंतला नरेटी, मुकेश नरेटी, तुलसी मतलामी, नंदू खरे, अशोक भास्कर, देवजी देहारी, नरेश कोमरा, टिकेश्वर रावटे, बलराम टेपरिया, संतो दुग्गा, दीपक पुड़ो, बोधन साहू, रघुनाथ मण्डावी, मनोज बघेल, संजय उइके, लोकेश नरेटी, सोमनाथ कुमेटी, सोहन उयके, लालसाय यादव, मुकेश नरेटी सहित भाजपा के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।



# राम जानकी हनुमान मंदिर से रामनवमी पर प्रभु की झांकीमय निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भानुप्रतापपुर

शिव-गायत्री, दुर्गा मंदिर, संतोषी मंदिर, राधाकृष्ण व सांई मंदिर,

- **अनेक स्थानों पर भंडारे का किया आयोजन, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया**

बिजली आफिस शिव-पार्वती मंदिर सहित क्षेत्र के मंदिरो में राम नवमी की धूम रही। सुबह से देर ररात तक मंदिरो में भक्तजनो के भीड़ देखने को मिला। भजन-कीर्तन पूजा-अर्चना होते रहे। जगह-जगह महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर समिति भानुप्रतापपुर के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के शुभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस बार खास बात है कि विशेष प्रकार की झांकी व लैसर युक्त श्रीराम की तस्वीर व इलेक्ट्रॉनिक फटाका, मांदरी नृत्य, वानर सेना विशेष प्रकार की आतिश बाजी को शोभायात्रा में शामिल किया गया। जो नगर के लोगों के लिए खास आकर्षक का केंद्र रहा। झांकी आकर्षित और सुंदर थी। कड़ी सुरक्षा के बीच शांति पूर्वक इस बार भी शोभायात्रा निकाली गई और यह शोभा यात्रा नगर के श्री राम जानकी हनुमान मंदिर से शाम 5 बजे निकाली गई, जो गुरद्वारा, बस स्टैंड, परशुराम चौक से पुनः राम मंदिर पहुंची और महारती के पश्चात समापन हुआ। बिजली आफिस भानुप्रतापपुर में भी राम नवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह हवन पूजन करते हुए भंडारा का आयोजन किया गया। सशस्त्र सीमा बल 33 वी वाहिनी केवटी में भी राम नवमी पर्व भक्तिभाव से मनाया गया। कैम्प स्थित देवी मंदिर में विधि विधान से हवन पूजन किया गया। तत्पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। कमांडेंट महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि राम नवमी पर्व पर कैम्प में हवन पूजन व महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया।

### राधाकृष्ण मंदिर में विशेष पूजा

चैत्र नवरात्रि के पावन दिवस राम नवमी के दिन रविवार को श्री राधा कृष्ण मंदिर की स्थापना का प्रथम वार्षिक उत्सव एवं शिरडी सिद्ध सांई मंदिर सांई बाबा का अभिषेक हवन पूजन व भंडारा का आयोजन किया गया। भक्तिमय भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### देवी भागवत का हुआ समापन

सुभाषपाररा में 8 दिवसीय श्रीमद देवी भागवत अमृत कथा का विश्राम हो गया। शनिवार रात 1 बजे हवन पूजन कार्यक्रम किया गया। रविवार को कन्या भोजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। महाराज देव कृष्ण शास्त्री ने बताया कि श्रीमद देवी भागवत कथा अमृत कथा है। शरीर तो नाशवर है, आत्मा अमर हो जाता है। उन्होंने बताया कि देवी भागवत कथा श्रवण से आत्मा देविलोक, शिव कथा से शिवलोक, भागवत बैकुंठ एवं पितरो को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## लेखपाल की अनुपस्थिति से नपं चारामा का कामकाज ठप

**चारामा**। नगर पंचायत चारामा में लेखपाल की लापरवाही और लगातार अनुपस्थिति के कारण कई जरूरी काम ठप हो गए हैं। नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जब से उन्होंने पदभार संभाला है, तब से अब तक उन्होंने लेखपाल को कार्यस्थल पर नहीं देखा है। फोन करने पर भी वह कॉल रिसीव नहीं करता है।



- **अध्यक्ष ने लगाए गंभीर आरोप**

नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज ने कहा कि जब इस विषय में सीएमओ हेमंत नेताम से जानकारी चाही गई, तो उन्होंने गोलमोल जवाब दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष का आरोप है कि यह सब पुराने कार्यकाल के भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें आवश्यक दस्तावेज तक नहीं दिखाए जा रहे हैं, जिससे कामकाज में पारदर्शिता नहीं रह गई है। इस विषय पर नगर पंचायत सीएमओ हेमंत नेताम ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि लेखपाल फिलहाल अवकाश पर हैं, और सारे जरूरी दस्तावेज उन्हीं के पास हैं। हालांकि, अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें अब तक किसी भी प्रकार का अवकाश का आधिकारिक पत्र नहीं मिला है। लेखपाल की अनुपस्थिति और दस्तावेजों की उपलब्धता न होने से नगर पंचायत का प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहा है। इस मामले को लेकर अब नगरवासियों में भी असंतोष बढ़ रहा है।

## भाजपा का स्थापना दिवस मनाया, अभियान चलाकर की सफाई

**अंतागढ़**। पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 46 वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा। यह आयोजन 6 से 14 अप्रैल तक किया जाएगा। इसी के तहत 6 अप्रैल को नगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें नगर के गोल्डन चौक सहित प्रमुख स्थलों की साफ-सफाई की गई। स्वच्छता अभियान के दौरान सांसद भोजराज नाग, विधायक विक्रम देव उसेंडी, नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग सहित भाजपा मंडल के समस्त कार्यकर्ता सम्मलित हुए। स्थापना दिवस के अवसर पर दोपहर में वन विश्राम गृह नयापारा में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें बारी-बारी से सांसद व विधायक ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व सरकार की उपलब्धियों को बताया। भाजपा द्वारा स्थापना दिवस पर 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ, कार्यालय और कार्यकर्ताओं के घरों पर भाजपा का ध्वज फहराया जाएगा। 8 और 9 अप्रैल को मंडल एवं विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 10 और 11 अप्रैल को भाजपा कार्यकर्ता गांव, बस्तियों



और बूथों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं कि जानकारी देंगे। इस दौरान सरकार कि उपलब्धियों को बताया जाएगा। वहीं डॉ. अंबेडकर जयंती के एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमा के समक्ष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जबकि 14 अप्रैल को जिला और मंडल मुख्यालयों पर माल्यार्पण, संगोष्ठी एवं उनके जीवन और योगदान पर चर्चा की जाएगी।





प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
माननीय श्री विष्णुदेव साय जी के
कांकेर आगमन पर
शत्-शत् अभिनदंन...
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
मा. आशाराम नेताम
विधायक-कांकेर
मान. दिलीप जायसवाल
मान. ब्रजेश चौहान
मान. महेश जैन
दिनेश रजक
कमलेश उसेंडी
टकेश्वर सिन्हा
संतोष भास्कर
डाकेश साहू
अजय चजेड
विदें सिंह कल्लो
दीपांकर राय
लच्छु राम गावडे
मनोहर यादव
महेश उइके
पियूश कश्यप
हेम मंडावी
सुनिता मंडल
डिकेश साहू
ओमप्रकाश साहू
राजा पाण्डेय
उमा देवी शर्मा
विजय मंडावी
ईश्वर कावड़े
संजय सिन्हा
मोती नाग
विनीत- भारतीय जनता पार्टी, जिला- कांकेर